Rajasthan Patrika - 01-09-13

नसीब होगा मीठा पानी

मुख्यमंत्री करेंगे लोकार्पण : पोकरण-फलसूण्ड लिफ्ट परियोजना का कार्य पूर्ण

पोकरण कस्बे के बीलिया स्थित हैडवर्क्स पर नवनिर्मित बिल्डिंग, जिसका मुख्यमंत्री लोकार्पण करेंगे।



पोकरण कस्बे के बीलिया स्थित हैडवर्क्स पर भरा हिमालय का पानी।

पोकरण
bureau@patrika.com

वर्षों से लम्बित पोकरण-फलसूण्ड लिफ्ट परियोजना के प्रथम चरण का कार्य पूर्ण हो चुका है, जिसका रविवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, केन्द्रीय संस्कृति मंत्री व क्षेत्रीय सांसद चंद्रेशकुमारी कटोच, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ.जितेन्द्रसिंह, क्षेत्रीय विधायक शाले मोहम्मद लोकार्पण कर बीलिया हेडवर्क्स पर कस्बे में हिमालय के मीठे पानी की जलापूर्ति की शुरूआत करेंगे। जिससे वर्षों से लम्बित कस्बेवासियों व क्षेत्र के लोगों का मीठे पानी का सपना साकार होगा। इसके अलावा वे पोकरण-फलसूण्ड-बालोतरा-सिवाणा पेयजल लिफ्ट परियोजना के अगले चरण के अंतर्गत कार्य का शिलान्यास करेंगे।

अक्टूबर में उपलब्ध करवा दिया जाएगा पूरे शहर को पानी

पोकरण-फलसूण्ड पेयजल लिफ्ट परियोजना के अधिशासी अभियंता डीके नागौरी ने बताया कि इन्दिरा गांधी नहर के नाचना से बीलिया हेडवर्क्स तक पर्याप्त मात्रा में पानी पहुंच चुका है। कस्बे को पानी उपलब्ध करवाने के लिए फिलहाल बीलिया से वाया आशापुरा होते हुए वार्ड संख्या एक व दो में रविवार को हिमालय के मीठे पानी की जलापूर्ति शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इसी कार्य को आगे बढाते हुए एमबी वेल तक 10 इंच की डीआई पाइपलाइन शीघ्र लगाकर आगामी दो माह में कस्बे के सभी वार्डों में हिमालय के पानी की जलापूर्ति सुनिश्चित कर दी जाएगी। मुख्यमंत्री की ओर से बीलिया हेडवर्क्स पर पोकरण क्षेत्र के 71 गांवों व फलसूण्ड कलस्टर के 106 गांवों तथा संतरा भाखरी तक पाइपलाइन कार्य का भी शिलान्यास किया जाएगा।

10 करोड़ की लागत से काय

अधिशासी अभियंता नागौरी ने बताया
में शीघ्र ही इन्दिरा गांधी नहर जलदप्रदाय
तैयार की गई है। निविदाएं भी आमं
आईवीआरसीसी कंपनी को कार्यादेश
गए है। उन्होंने बताया कि कस्बे के
महाविद्यालय, आईटीआई तिराहा खींव
तथा नेहरु बालोद्यान के पास 10 क
लागत से तीन बड़े स्वच्छ जलाशयों क
करवाया जाएगा। जिससे कस्बे में प्रति
घंटे एक ही समय में जलापूर्ति की जा